# प्लॉट के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों को हुई 7 साल की सजा

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 3 अप्रैल।** प्लॉट दिलाने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले तीन जालसाजों को अदालत ने 7-7 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही न्यायालय द्वारा आरोपियों पर पांच पांच हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने 'चार चतुर एसोसिएट' फर्म के संचालक गणेश ओझा, नारायणदास राठौर और अजय जादौन को 7-7 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा तीनों पर 5-5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। यहां बता दें कि पड़ाव थाना क्षेत्र में संचालित इस फर्म ने अंजनी धाम (फेज-1 से 5) समेत कई साइट पर प्लॉट देने का झांसा देते हुए तमाम लोगों के साथ करोड़ों रुपए की ठगी की है। आरोपियों ने मनी बैक योजना जैसी स्कीम दिखाकर लोगों को निवेश के लिए तैयार किया।

### लाखों देने के बाद भी नहीं मिला प्लॉट

चार चतुर एसोसिएट के निदेशकों पर 5-5 हजार का जुर्माना भी लगाया। जब लाखों रुपए इनवेस्ट करने के बाद भी लोगों को प्लॉट नहीं मिला, तो मामला थाने तक जा पहुंचा। पुलिस द्वारा की गई जांच में सामने आया कि आरोपियों ने फर्जी अनुबंध और रजिस्ट्री दिखाकर लोगों से पैसे वसूले। एक महिला से ही 21 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई, जबकि कई अन्य लोगों से भी लाखों रुपए ऐंठे गए। लेकिन किसी को न प्लॉट मिला और न ही पैसे वापस किए गए।

## युवाओं ने स्विमिंग पूल में लिया तैराकी का आनंद


ग्वालियर। नगर निगम द्वारा संचालित तरण पुष्कर स्विमिंग पूल में तैराकी का नवीन सत्र आज से प्रारंभ किया गया। शुक्रवार को पहले दिन बच्चों एवं युवाओं ने बड़े उत्साह के साथ स्विमिंग पूल में तैराकी का आनंद लिया।

# चेपॉक में पंजाब की शानदार जीत

## चेन्नई सुपर किंग्स का 209 रन का लक्ष्य भी पड़ा कम

**चेन्नई 3 अप्रैल. आईपीएल 2026 के रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को उनके ही घरेलू मैदान चेपॉक में 5 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की. 210 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब ने संयम, आक्रामकता और सही समय पर तेज़ रन बनाकर मैच को अपने नाम कर लिया.**

पहले बल्लेबाज़ी करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स ने मजबूत प्रदर्शन किया और 20 ओवरों में 209 रन बनाए. टीम के लिए आयुष म्हात्रे ने 73 रन की शानदार पारी खेली और पारी की रीढ़ बने. उनके अलावा मिडिल ऑर्डर ने भी योगदान दिया, जिससे टीम 200 के पार पहुंचने में सफल रही. हालांकि, इतना बड़ा स्कोर भी चेन्नई के लिए सुरक्षित साबित नहीं हुआ.



पंजाब किंग्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआत से ही सकारात्मक बल्लेबाज़ी दिखाई. ओपनिंग से लेकर मिडिल ऑर्डर तक बल्लेबाज़ों ने रन गति को बनाए रखा और दबाव को हावी नहीं होने दिया.

श्रेयस अय्यर ने कप्तानी पारी खेलते हुए 50 रन बनाए और टीम को स्थिरता दी. उन्होंने मिडिल ओवर्स में पारी को संभाला और रन चेज़ को सही दिशा में बनाए रखा. उनके साथ अन्य बल्लेबाज़ों ने भी छोटी लेकिन महत्वपूर्ण पारियां खेलीं.

पंजाब की जीत का सबसे बड़ा कारण डेथ ओवर्स में उनकी आक्रामक बल्लेबाज़ी रही. आखिरी ओवरों में बल्लेबाज़ों ने तेजी से रन बटोरे और चेन्नई के गेंदबाज़ों को पूरी तरह दबाव में ला दिया.

चेन्नई के गेंदबाज़ इस मुकाबले में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके। 209 जैसे बड़े स्कोर के बावजूद वे नियमित अंतराल पर विकेट नहीं निकाल पाए और पंजाब के बल्लेबाज़ों को खुलकर खेलने का मौका देते रहे।

मैच के दौरान कई उतार-चढ़ाव देखने को मिले, लेकिन पंजाब ने संयम बनाए रखा और अंततः लक्ष्य को 18.4 ओवर में हासिल कर लिया। यह जीत टीम के आत्मविश्वास को निश्चित रूप से बढ़ाएगी।

### स्कोर बोर्ड

**चेन्नई सुपर किंग्स बल्लेबाजी**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन | 7 | 7 | 1 | 0 |
| गायकवाड़ | 28 | 22 | 2 | 0 |
| आयुष म्हात्रे | 73 | 43 | 6 | 5 |
| शिवम दुबे | 45 | 27 | 5 | 1 |
| कार्तिक शर्मा | 1 | 3 | 0 | 0 |
| सरफराज | 32 | 12 | 6 | 1 |
| प्रशांत वीर | 6 | 7 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त** 17 **कुल** 209/5

**गेंदबाजी पंजाब–** अर्शदीप सिंह 4-0-41-0, जेवियर बार्टलेट 4-0-48-1, मार्को जेनसेन 4-0-43-1, विजय वैशाक 4-0-38-2, युजवेंद्र चहल 3-0-21-1, मार्कस स्टोइनिस 1-0-17-0 .

**किंग्स इलेवन पंजाब बल्लेबाजी**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | चौके | छक्के |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश आर्य | 39 | 11 | 3 | 4 |
| प्रभसिमरन सिंह | 43 | 34 | 6 | 1 |
| कूपर कॉनॉली | 36 | 22 | 6 | 0 |
| श्रेयस अय्यर | 50 | 29 | 4 | 3 |
| नेहल वढेरा | 10 | 9 | 0 | 1 |
| शशांक सिंह | 14 | 6 | 2 | 0 |
| मार्कस स्टोइनिस | 9 | 3 | 2 | 0 |

**अतिरिक्त** 9 **कुल** 210/5

**गेंदबाजी चेन्नई–** खलील अहमद 3-0-28-0, मैट हेनरी 4-0-54-2, अंशुल कंबोज 3 .4-0-43-2, नूर अहमद 4-0-38-0, राहुल चाहर 4-0-46-0

**पृथ्वी ताल का होगा कायाकल्प**

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सौंदर्यीकरण कार्य तेज



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 3 अप्रैल।** निगम द्वारा शहर के प्रमुख जलस्त्रोत 'पृथ्वी ताल' के संवर्धन एवं सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। यह कार्य नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संचालित हो रहा है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य न केवल तालाब की मूल संरचना को सुदृढ़ करना है, बल्कि इसे शहरवासियों के लिए एक आकर्षक और पर्यावरण अनुकूल स्थल के रूप में विकसित करना भी है। सहायक यंत्री अमित गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि करीब 7.27 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला पृथ्वी ताल जैव विविधता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह विभिन्न प्रकार के स्थानीय एवं प्रवासी पक्षियों का आश्रय स्थल भी है। परियोजना के अंतर्गत तालाब में जमा गाद और सिल्ट की सफाई कर उसकी जलधारण क्षमता बढ़ाई जा रही है, जिससे वर्षा जल का अधिक संचयन संभव हो सके। इसके साथ ही जल की गुणवत्ता सुधारने के लिए जलीय पौधों का भी उपयोग किया जाएगा। नगर निगम द्वारा इस परियोजना पर लगभग 3.49 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) की लागत से कार्य किया जा रहा है। कार्यों में मुख्य रूप से तालाब के दोनों ओर सफाई, जल निकासी चैनलों का सुदृढ़ीकरण, एप्रन पर स्टोन पिचिंग, तथा पैदल चलने के लिए वॉकिंग ट्रैक का निर्माण शामिल है। इसके अलावा नागरिकों की सुविधा के लिए बैठने की व्यवस्था, लाइटिंग सिस्टम और हरित क्षेत्र का विकास भी किया जा रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि पृथ्वी ताल का यह कायाकल्प न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाएगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### अतिक्रमण हटाने पर है विशेष ध्यान

इस परियोजना का एक प्रमुख उद्देश्य शहर में हरित क्षेत्र को बढ़ावा देना और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखना है। तालाब के आसपास छोटे-बड़े पौधों का रोपण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी और पक्षियों व अन्य जीवों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होगा। साथ ही, यह स्थान शहरवासियों के लिए एक शांत और सुकून भरा वातावरण प्रदान करेगा। परियोजना के तहत अतिक्रमण को हटाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि तालाब की मूल सीमा सुरक्षित रह सके। जल संरक्षण के माध्यम से भू-जल स्तर में सुधार लाने का भी लक्ष्य रखा गया है। अधिकारियों का मानना है कि इस पहल से ग्वालियर शहर की जैव विविधता को नया जीवन मिलेगा और आने वाले समय में यहां लगभग 120 प्रकार के पक्षियों की प्रजातियां देखी जा सकेंगी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत श्रमदान कार्यक्रम आज

**ग्वालियर, 3 अप्रैल।** जल संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज 4 अप्रैल सुबह 6:30 बजे श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत ग्वालियर किला क्षेत्र स्थित सूरज कुंड की साफ-सफाई की जाएगी। इस श्रमदान कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की विशेष उपस्थिति रहेगी। उनके साथ नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय सहित निगम के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी सहभागिता करेंगे। अभियान का उद्देश्य जल स्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करना है। नागरिकों से भी इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की गई है।

# 7 निजी उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 3 अप्रैल।** ग्वालियर जिले में भी राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के पालन में 01 अप्रैल से ई-विकास (ई-टोकन) उर्वरक प्रणाली के तहत ही शतप्रतिशत उर्वरक वितरण करने के निर्देश सभी खाद विक्रेताओं को दिए गए हैं। कलेक्टर रुचिका चौहान ने ई-टोकन प्रणाली के तहत उर्वरक वितरित न करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस कड़ी में 7 निजी उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। उप संचालक किसान कल्याण व कृषि विकास रणवीर सिंह जाटव ने बताया कि जिन उर्वरक विक्रेताओं ने 01 से 02 अप्रैल की अवधि में बिना ई-टोकन के खाद बेचा है, उनके खिलाफ कार्रवाई के लिये नोटिस जारी किए गए हैं। इन निजी खाद विक्रेताओं में गल्ला मंडी के सामने डबरा स्थित अग्रवाल खाद-बीज भण्डार, रायरू स्थित गौरव खाद-बीज भण्डार, आईएफएफडीसी कृषक सेवा केन्द्र प्रेस्टीज कॉलेज के सामने दीनदयालनगर, कुशवाह खाद व बीज भण्डार आरोली तिराहा उटीला, श्री गणेश एग्रो एजेंसी सदर बाजार मुरार, शिवम सीमेंट एजेंसी जवाहरगंज डबरा एवं श्रीराम कृषि सेवा केन्द्र पिछोर चौराहा डबरा शामिल हैं। कारण बताओ नोटिस के जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर इन निजी खाद विक्रेताओं के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जायेगी।

**अजाक्स का विवाद खत्म**

# चौ. मुकेश मौर्य को ही माना अजाक्स का प्रांताध्यक्ष

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 3 अप्रैल।** म.प्र. अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के प्रांतीय सचिव डॉ.अनिल अर्गल ने बताया कि रजिस्ट्रार फर्म्स एवं सोसायटी भोपाल द्वारा जारी अधिकृत मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघों के प्रांताध्यक्षों की विधानसभा पटल पर रखी गई सूची का हवाला देते हुए अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन को अवगत कराया गया कि कुछ लोग अजाक्स संगठन के बैनर को बदनाम करने के उद्देश्य से शिकवा-शिकायत, सामाजिक भाईचारा बिगाड़ने के लिए उपयोग रहे है, जिससे अवगत कराते हुए वैधानिक अजाक्स पदाधिकारियों की जानकारी देने हेतु पत्र लिखा गया था, पत्र का परीक्षण करने के उपरांत अपर सचिव सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय (कर्मचारी कल्याण संगठन) मंत्रालय वल्लभ भवन द्वारा शासन के समस्त विभागों को पत्र जारी कर चौ. मुकेश मौर्य को म.प्र.अजाक्स का वैधानिक प्रांताध्यक्ष और विशेष गढ़पाले आईएएस को कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष मान्य कर शासन से मांगपत्रों पर पत्राचार करने हेतु अधिकृत किया है।





चौ.मुकेश मौर्य प्रांताध्यक्ष एवं विशेष गढ़पाले वरिष्ठ कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष म.प्र.अजाक्स ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि संगठन में सब मिलजुल कर संगठनात्मक कार्य करेगें, संगठन में अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ-साथ समाज को मजबूत और सशक्त बनाने के लिए संगठन वह सभी कार्य सेवा और समर्पण भाव से करेगा, जिससे अनुसूचित जाति-जनजाति समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। इस कार्य हेतु सर्वप्रथम अजाक्स के प्रत्येक जिलों से उच्च शिक्षा के लिए लालायित आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के 05-05 बच्चों की शिक्षा और उनके खान-पान का सम्पूर्ण खर्चा उठाएगा जब तक कि वे रोजगार से न जुड़ जाएँ। वहीं दूसरी ओर प्रांताध्यक्षद्वय ने कहा कि यह संगठन केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुँचाने का भी कार्य प्रमुखता से करेगा। इस अविस्मरणीय जीत के लिए बधाई देने वालों में श्यामलाल डोहरिया मुख्य स्टेट समन्वयक रामकिशोर दाहिया स्टेट संगठन समीक्षक व प्रदेश अध्यक्ष अजाक्स पेंशनर्स एशोसिएशन, एस.डी.बंसकार प्रांतीय महासचिव, मुरारीलाल लिधोरिया, किशोर चौहान, दिनेश कुमार उमरैया प्रांतीय सचिव, संजय सिंह मुख्य अभियंता पीएचई विभाग इंदौर व प्रांतीय महसचिव के.एस.गंगवार आदि शामिल हैं।

# निगम प्रशासन ने पार्षद एकादश को हराया

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 3 अप्रैल।** नगर निगम द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित अंतर्विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट में जहां एक ओर विभागीय टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, वहीं पार्षद एकादश एवं निगम प्रशासन के बीच खेला गया मैत्रीपूर्ण मैच विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। यह आयोजन रूपसिंह क्रिकेट स्टेडियम में उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में संपत्तिकर विभाग और जीएडी/भंडार विभाग आमने-सामने रहे। जीएडी /भंडार टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 64 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में संपत्तिकर विभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। इस मैच में संपत्तिकर टीम के नीरज टइयां ने 3 विकेट लेकर और 19 रन बनाकर 'मैन ऑफ द मैच' का खिताब जीता। 'मैन ऑफ द टूर्नामेंट' पिंकल जादौन रहे, 'फेयर प्ले अवॉर्ड' जनकार्य विभाग को मिला, जबकि 'बेस्ट स्प्रिट टीम अवॉर्ड' स्वास्थ्य विभाग को प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार विश्वनाथ गुर्जर (भीमा), सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज वीरेन्द्र पाराशर, सर्वश्रेष्ठ फील्डर हरेंद्र मिश्रा, सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर प्रशांत पांडे, सर्वश्रेष्ठ कप्तान उपेन्द्र यादव और सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर सचिन सविता को दिया गया।

### विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट में दिखा खेल भावना का उत्साह





वहीं मैत्रीपूर्ण मुकाबले में निगम प्रशासन और पार्षद गण के बीच रोमांचक मैच खेला गया। निगम प्रशासन की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 103 रनों का लक्ष्य रखा। कप्तान आयुक्त संघ प्रिय के मार्गदर्शन में टीम ने संतुलित खेल दिखाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए पार्षद गण की टीम, सभापति मनोज तोमर की कप्तानी में, 81 रन ही बना सकी। तोमर ने 21 रनों का योगदान दिया । इस प्रकार निगम प्रशासन की टीम ने मैच जीतकर दर्शकों का दिल जीत लिया। इस मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपर आयुक्त टी प्रतीक राव को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सभापति मनोज तोमर, विशेष अतिथि आयुक्त संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त टी प्रतीक राव उपस्थित रहे। साथ ही अपर आयुक्त मुनीश सिकरवार, प्रदीप तोमर, पार्षद अनिल सांखला, सोनू त्रिपाठी, बृजेश श्रीवास सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। टूर्नामेंट का सफल आयोजन नोडल अधिकारी बी.के. त्यागी के निर्देशन में सहायक खेल अधिकारी जितेन्द्र यादव एवं नमन कौरव द्वारा किया गया, जबकि मंच संचालन अयोध्या शर्मा ने किया। मैचों में अंपायर की भूमिका रवींद्र, गोपाल और विकास ने निभाई तथा स्कोरिंग का कार्य वीरेन्द्र करोसिया द्वारा किया गया।




### प्रशांत और नीरज की घातक गेंदबाजी के आगे जीडीए टीम 65 रनों पर ढेर

ग्वालियर। स्थानीय क्रिकेट टूनामेंट में खेले गए एक रोमांचक मुकाबले में GAD/BHANDAR की टीम प्रशांत पाण्डेय और नीरज तैये की घातक गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम मात्र 65 रनों पर सिमट गई। मैच में प्रशांत पाण्डेय ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 3 ओवर में केवल 14 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। वहीं नीरज तैये ने किफायती और सटीक गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में मात्र 2 रन देकर 3 विकेट झटके, जिससे विरोधी टीम की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई। टीम में उपेंद्र यादव कप्तान , प्रशांत पाण्डेय उपकप्तान, मुकेश सविता ,इंद्रजीत यादव ,नीरज टैया, धीरज,दीपक शर्मा वार्ड 33,इमरान खान, इंदर सिंह,दीपक शर्मा मुरार,वीरेन्द्र पाराशर,टिंकू अरोरा, सतेन्द्र सिंह,धर्मेन्द्र सोनी आदि शामिल रहे।

# अचलेश्वर की दान पेटियां खुलीं : 4 .70 लाख के साथ मिलीं मन्नतों की पर्चियां

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 3 अप्रैल।** शहर के प्राचीन अचलेश्वर महादेव मंदिर में आज शुक्रवार को दान पेटियां खोली गईं। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित की गई राशि की गणना की गई, जिसमें पांच चांदी के सिक्के और अन्य चांदी की वस्तुएं भी मिलीं।

ट्रस्ट के प्रबंधक राजेश परासर ने बताया कि आज मंदिर परिसर में विभिन्न पदाधिकारियों की उपस्थिति में दान पेटियां खोली गईं।



दान राशि की गिनती पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई।

गणना के दौरान 500, 200, 100, 50, 20, 10 और 5 रुपए के नोटों का विस्तृत विवरण तैयार किया गया। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, कुल 4,70,240 रुपए की दान राशि दर्ज की गई। दान राशि की गणना को रजिस्टर में दर्ज किया गया और संबंधित दस्तावेज तैयार किए गए। उपस्थित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने इन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कर प्रक्रिया को पूरा किया। इस दौरान माधवराव रत्नाकर, वीरेंद्र शर्मा, राजेश पराशर, मुकेश अग्रवाल, रघुनाथ पटवर्धन, पी.के. तिवारी, गोपाल देशपांडे और आनंद माथे सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। मंदिर के पदाधिकारियों ने बताया कि यह राशि मंदिर के विकास कार्यों, धार्मिक आयोजनों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बेहतर बनाने में उपयोग की जाएगी। दान पात्र से कुछ विशेष पर्चियां भी मिलीं, जिनमें भक्तों ने अपनी श्रद्धा और मन्नतें व्यक्त की थीं। इन पर्चियों को पदाधिकारियों ने यादगार स्वरूप सहेज कर रखा है।



# पूर्व प्रधानमंत्री स्व . चंद्रशेखर की जन्मशती को मनाने हुई तैयारी बैठक

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 3 अप्रैल।** आज ग्वालियर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चंद्रशेखर की जन्मशती को भव्य मर्यादापूर्ण और समुचित जन साझेदारी के साथ मनाने के लिये उनके समर्थकों एवं प्रशंसकों की बैठक हुई जिसमें पूरे साल समारोहों, गोष्ठियों, निबंध प्रतियोगिताओं आदि को विभिन्न जिलों जैसे दतिया, मुरैना व भिंड में मनाने के लिये आयोजन समिति के गठन पर चर्चा हुई। यह आयोजन समिति ग़ैर राजनीतिक स्वरूप की होगी ।


आज सायं होटल तानसेन रेजिडेंसी में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने स्व. चंद्रशेखर को स्वाभिमान का अद्वितीय व्यक्तित्व, राष्ट्रीय राजनीति में लोकतंत्र का सजग प्रहरी एवं मुखर वक्ता बताते हुए स्वर्गीय चंद्रशेखर के जन्म शताब्दी समारोह की तैयारी पर व्यापक विचार विमर्श किया। बैठक में वरिष्ठ चिंतक एवं बुद्धिजीवी रमाशंकर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार राकेश अचल, अरुण तोमर, अभिमन्यु सेंगर, राकेश शर्मा, सर के.पी. सिंह, मदन बाथम, कमल नागपाल, रामबाबू कटारे, देव श्रीमाली, प्रदीप कश्यप, राजेंद्र जैन, देवदत्त शर्मा, एड. प्रेम सिंह भदौरिया, अभय पापरीकर, महेंद्र खत्री, भिंड से भूपत सिंह, एड. अशोक सिंह भदोरिया, चंद्रपाल राठौड़, मुरैना से भानुप्रताप सिकरवार, भगवान सिंह तोमर, गुरुदत्त शर्मा, दतिया से मुकेश माड़ोतिया, वीरू शर्मा, डॉ.उपेन्द्र तोमर, नितिन वालंबे, रामकरण तोमर, चौधरी नरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह सोलंकी, पूर्व ज्वाइंट कमिश्नर एस. के.मिश्रा आदि ने जन्म शताब्दी समारोह कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए संपूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। स्वर्गीय चंद्रशेखर की नीतियों और उनके व्यक्तित्व का प्रचार प्रसार जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

# स्व . अर्जुन चौहान : गब्बर गैंग सहित कई शहरी बदमाशों को किया था धराशायी

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 3 अप्रैल.** ग्वालियर के कई पुलिस थानों में जांबाज पुलिस अधिकारी रहे स्व. अर्जुन सिंह चौहान की पुण्यतिथि पर कल शनिवार, 4 अप्रैल को सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी संगठन, क्षत्रिय समाज एवं सामाजिक संगठनों ने विभिन्न कार्यक्रम रखे हैं। अस्पताल में मरीजों को फल वितरण, वृद्धाश्रम में सेवा कार्य एवं खेड़ापति हनुमान मंदिर में पूजन पाठ के साथ दिवंगत पुलिस अधिकारी का पुण्य स्मरण किया जाएगा।

### आज पुण्यतिथि पर अस्पताल एवं वृद्धाश्रम में होंगे सेवाकार्य



गौरतलब है कि गोहद में डकैत गब्बर सिंह के 35 सदस्यीय गिरोह के सफाए सहित कई शहरी बदमाशों को पकड़कर जेल की सलाखों तक पहुंचाने में स्व. अर्जुन सिंह चौहान की प्रभावी भूमिका रही। उनके अदम्य साहस एवं वीरता के लिए गृह मंत्रालय एवं डीजीपी ने उन्हें कई बार अवार्ड एवं अलंकरणों से सम्मानित किया। वे कुशल निशानेबाज एवं तैराक भी थे। अपने लंबे सेवाकाल में वे ग्वालियर जिले के बेहट, मुरार, माधोगंज, जनकगंज, हुजरात कोतवाली, मोहना आदि पुलिस थानों में पदस्थ रहे। महकमे में उनके प्रति सम्मान का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्व. अर्जुन सिंह चौहान के देहावसान पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधियां एवं तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री श्रीप्रकाश जायसवाल सहित कई शीर्ष पुलिस अधिकारी उनके निवास पर पहुंचे थे। स्व. अर्जुन सिंह के सुपुत्र वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम सिंह चौहान, गांधीनगर ने बताया कि वे अपने पिता की पुण्य स्मृति में एक सामाजिक संगठन गठित कर समाज के कमजोर तबके की सेवा के लिए चल रहे कार्यों को विस्तार देंगे।

# पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनीषा यादव का निधन

**ग्वालियर, 3 अप्रैल।** ग्वालियर की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मनीषा यादव का निधन हो गया है। वे वरिष्ठ भाजपा नेता भुजबल सिंह यादव की धर्मपत्नी थीं। सांसद भारत सिंह कुशवाहा ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

